प्रधान मंत्री
आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

मिशन निदेशालय
सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.–सूडा(उ.प्र.)
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

23, सैक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल–100) लखनऊ–226010
website-www.sudaup.org
e-mail-hfaup1@gmail.com

पत्रांकः–1782 /01/29/HFA/2019–20 दिनांकः– 06 जून, 2019

महत्वपूर्ण/अति आवश्यक

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा),
उत्तर प्रदेश।

विषयः– प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड–2019 हेतु लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक में जनपद स्तर पर प्रत्येक नगर निकाय में पूर्ण आवासों के फोटोग्राफ प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 04.06.2019 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग में संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड–2019 के लिए प्रत्येक चयनित निकाय से 03 सबसे अच्छे आवास के हाई डेफिनेशन (HD) फोटोग्राफ्स/छायाचित्र जनपद स्तर पर एकत्रित करा लें। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के अन्तर्गत जनपद स्तर पर पूर्ण आवासों के सबसे अच्छे फोटोग्राफ्स प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवार्ड–2019 हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये जाने हैं, जिसमें से 03 बेस्ट आवासों के लाभार्थियों को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा।

उक्त के क्रम में आप अपने जनपद की प्रत्येक नगर निकाय से पूर्ण आवासों के 03 सबसे बेस्ट हाई डेफिनेशन (HD) फोटोग्राफ्स हार्ड एवं साफ्ट कापी में एकत्रित कर लें। तत्पश्चात् आप अपने स्तर से जनपद के सबसे अच्छे पूर्ण आवासों के 5 से 10 फोटोग्राफ्स हार्ड एवं साफ्ट कापी में सूडा मुख्यालय को उपलब्ध करा दें। आगामी एसएलएसएमसी में प्रदेश के सबसे अच्छे 10 आवासों को पुरूस्कार के लिए भेजा जायेगा। आपके द्वारा चयनित आवासों के फोटोग्राफ्स में से बेस्ट तीन आवासों के लाभार्थियों को जनपद स्तर पर पुरूस्कृत किया जायेगा एवं राज्य स्तर पर समस्त जनपदों में से बेस्ट 10 आवासों के लाभार्थियों को पुरूस्कृत किया जाना प्रस्तावित है।

क्रमशः.....2 पर

उपरोक्त कार्य हेतु धनराशि आई0ई0सी0 मद से व्यय की जायेगी। आई0ई0सी0 मद में सभी जनपदों को सूडा मुख्यालय द्वारा पूर्व में ही धनराशि उपलब्ध करायी जा चुकी है। अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त अवार्ड हेतु अपने जनपद के पूर्ण आवासों में से 6–10 बेस्ट हाई डेफिनेशन (HD) फोटोग्राफ्स हार्ड एवं साफ्ट कापी में विशेष पत्रवाहक के माध्यम से प्रत्येक दशा में दिनांक 15.06.2019 तक सूडा मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0परि0अधिकारी, डूडा, उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।